Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 26-04-2005
Participants : Kushwaha Shri Narendra Kumar

Title: Need to provide ownership rights to the Tribals living in forest areas of Mirzapur district, U.P.

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा (मिर्ज़ापुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में आदिवासी लोगों की संख्या सबसे अधिक है। आज भी इस जाति के लोगों के पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है। जिस जगह पर यह अपना जीवनयापन कर रहे हैं, वह जमीन वन विभाग के क्षेत्र के अंतर्गत दर्ज है। केन्द्र सरकार शीघ्र ऐसे आदिवासी लोगों को इनकी जमीन का मालिकाना हक इनको दे। वन विभाग की भूमि को आबादी में घोाित किया जाये, ताकि इनको रहने की जगह का हक प्राप्त हो सके और यह जमीन इनके नाम दर्ज हो।